# बिहार सरकार

## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Taksir Alam (निबंधन संख्या–2190491/2210011) At-Rangaraiya Lal Toli, P.O+P.S-Amour, Dist- Purnea, Bihar Pincode-854315 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–1057 दिनांक 11.03.2025 द्वारा अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध दिनांक 29.08.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

---

31/10/2025

## आदेश

संवेदक Taksir Alam (निबंधन संख्या–2190491/2210011) At-Rangaraiya Lal Toli, P.O+P.S- Amour, Dist- Purnea, Bihar Pincode-854315 अनुपस्थित/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, जाँच गुणवत्ता, कार्य प्रमंडल, सहरसा/सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, हथुआ/सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गया एवं कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी उपस्थित।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त इतिहास यह है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी के अधीन योजना शीर्ष PMGSY अन्तर्गत एल021–टी0 से नारकोलिया तक पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य निर्धारित अवधि के अन्दर नहीं किये जाने के कारण संबंधित संवेदक को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक 1057 दिनांक 11.03.2025 द्वारा 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

संवेदक द्वारा उक्त कालीकृत आदेश के विरूद्ध दिनांक 29.08.2025 को विभाग में अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया। जिसमें निम्न तथ्य उल्लेखित है:–

1. PMGSY योजना अन्तर्गत एल021–टी0 से नारकोलिया तक पथ का निर्माण दिनांक 21.05.2020 को पूर्ण हो चुका है।

2. वर्ष 2020–21 एवं 2023–24 में प्रलयकारी बाढ़ आ जाने के कारण संदर्भित पथ बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही वर्ष 2022 में पथ का अनुरक्षण कार्य किया गया है। जिसका भुगतान E-Marg के माध्यम से संबंधित कार्य प्रमंडल द्वारा किया जाना था, जो अभी तक अप्राप्त है।

3. इनके द्वारा दिनांक 27.11.2024 को अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के समक्ष आवेदन के माध्यम से MIS Report विषयगत पथ का फोटोग्राफ Flood का फोटो संलग्न कर प्रस्तुत किया गया।

4. संदर्भित पथ के अनुरक्षण कार्य की राशि में मरम्मति कार्य किया जाना संभव नहीं है। पथ में Restoration कार्य भी पूर्व में पूर्ण किया गया है। MIS में भी Flood Damage का रिपोर्ट अपलोड है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में कालीकरण आदेश को निरस्त किये जाने हेतु संवेदक द्वारा अनुरोध किया गया है।

प्रस्तुत मामले की सुनवाई दिनांक 18.09.2025 को करते हुए संदर्भित पथ का निरीक्षण कार्य ससमय नहीं किया गया है। तद्‌लोक में कार्य प्रमंडल, वायसी में वर्ष 2021 से अब तक पदस्थापित सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कार्य अवर प्रमंडल, अमौर एवं कनीय अभियंता, कार्य प्रशाखा, अमौर साथ ही संबंधित संवेदक को होने वाली अगली सुनवाई में उपस्थित होने हेतु निदेशित किया गया।

उक्त सुनवाई में संवेदक अनुपस्थित रहने के कारण संदर्भित मामले की अगली सुनवाइ पुनः दिनांक 31.10.2025 (शुक्रवार) को की गयी। जिसमें कार्य प्रमंडल, वायसी में वर्ष 2021 से अब तक पदस्थापित सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कार्य अवर प्रमंडल, अमौर एवं कनीय अभियंता, कार्य प्रशाखा, अमौर से प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

तद्‌लोक में संबंधित अभियंताओं द्वारा निम्न प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया :–

(i) कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मुजफ्फरपुर पूर्वी–01 उपस्थित होकर अपने पत्रांक कैम्प दिनांक 31.10.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि इनका पदस्थापन ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी में दिनांक 07.07.2022 से 12.06.2023 तक थे। इनके कार्यकाल में उक्त पथ का E-Marg से Routine Inspection दिनांक 29.10.2022, 28.02.2023, 28.04.2023 एवं 27.06.2023 को किया गया एवं Bill भी Raise किया गया, परन्तु संवेदक द्वारा 10 दिनों के अन्दर Bill Raise नहीं करने के कारण Maintenance का भुगतान नहीं मिला। संवेदक द्वारा दिनांक 15.09.2023 को Bill Submit किया गया था।

(ii) कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी / सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर मंडल, विजयपुर, कार्य प्रमंडल, हथुआ / सहायक अभियंता, कार्य अवर प्रमंडल, फतेहपुर, कार्य प्रमंडल, गया उपस्थित होकर अपने पत्रांक कैम्प दिनांक 31.10.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि दिनांक 03.07.2023 से 08.07.2024 तक पदस्थापित रहे है। इनके कार्यकाल में संदर्भित पथ वित्तीय वर्ष 2023–2024 में बाढ़ से प्रभावित नहीं हुआ था। संवेदक द्वारा संदर्भित पथ का कराये गये पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य का भुगतान नियमानुकूल किया गया था।

(iii) कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, वायसी / सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर मंडल, विजयपुर, कार्य प्रमंडल, हथुआ / सहायक अभियंता, कार्य अवर प्रमंडल, फतेहपुर, कार्य प्रमंडल, गया उपस्थित होकर अपने पत्रांक कैम्प दिनांक 31.10.2025 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि दिनांक 08.07.2024 से 08.07.2025 तक पदस्थापित थे। इनके कार्यकाल में संदर्भित पथ वित्तीय वर्ष 2024–2025 में बाढ़ से प्रभावित नहीं हुआ था तथा पथ की स्थिति अच्छी नहीं थी।

अतएव वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त संवेदक Taksir Alam (निबंधन संख्या–2190491 / 2210011) At-Rangaraiya Lal Toli, P.O+P.S- Amour, Dist-Purnea, Bihar Pincode-854315 को अगले 04 (चार) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने संबंधी सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–1057 दिनांक 11.03.2025 को निरस्त (Set aside) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

31/11/2025

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–05/2025 11769 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.11.25

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–05/2025 11769 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल प्रदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.11.25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–05/2025 11769 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

18.11.25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:–14/अ0प्र0–03–05/2025 11769 /पटना, दिनांक 21.11.25

प्रतिलिपि:– संवेदक संवेदक Taksir Alam, At-Rangaraiya Lal Toli, P.O+P.S- Amour, Dist-Purnea, Bihar Pincode-854315 को सूचनार्थ प्रेषित।

18.11.25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–03–05/2025 11769 /पटना, दिनांक– 21.11.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.11.25

सरकार के संयुक्त सचिव